# UP Media Campaign Committee

(Uttar Pradesh Congress Committee)

29/02/12

## प्रेस विज्ञप्ति

## अभी सही वक्त है उठो, जागो और बदलो उत्तर प्रदेश को-राहुल गांधी

- **सरकार का काम जनता की मदद करने का होता है, चोरी करने का नहीं।**
- **गैर-कांग्रेस सरकारों ने उत्तर प्रदेश को 22 साल तक चलाया,लेकिन किया कुछ भी नहीं, सिवाए वायदों के।**
- **उत्तर प्रदेश को विकास में शामिल किए बिना हिंदुस्तान आगे नहीं बढ़ सकता।**

**रामपुर।** कांग्रेस महासचिव श्री राहुल गांधी ने टांडा में जनसभा को संबोधित करते हुए सीधे स्थानीय मुद्दे पर लोगों से सवाल किया। उन्होंने कहा कि"चुनाव के वक्त नेता लोगों से बहुत वादे करते हैं, कहते है कि ये कर देंगे,वो कर देंगे, लेकिन करते कुछ भी नहीं। आप लोगों के क्षेत्र में पुल की जरुरत है, आप लोग इसकी मांग कब से कर रहे हो?"

श्री गांधी के सवाल पर जनता ने बताया कि उनकी यह मांग पिछले बीस सालों से है, जिसे उत्तर प्रदेश की किसी भी सरकार ने पूरा नहीं किया। श्री गांधी ने कहा कि "चुनाव के वक्त मुलायम सिंह जी कह रहे हैं, बिजली मुफ्त में देंगे, जब खुद मुख्यमंत्री थे तो लोगों के घरो में चार घंटे ही बिजली आती थी।" भीड़ ने तुरंत कहा कि "चार घंटे तो बहुत ही कम, ज्यादातर वक्त दो घंटे ही बिजली आती थी।" जनता के इस जवाब पर श्री गांधी ने कहा कि"अब वो कह रहे है कि बिजली मुफ्त देंगे। मुफ्त बिजली कहाँ से मिलेगी?पिछले 22 सालों से उत्तर प्रदेश में कोई भी कारखाना नहीं लगा। बिजली आसमान से टपकेगी?" इस सवाल पर जनता के बीच से अवाज आयी कि राहुल गांधी के विकास से बिजली आएगी।

उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय से सवाल पूछते हुए कहा कि "मुलायम सिंह जी कहते हैं कि वे मुसलमानों के नेता हैं। क्या पिछले 22 सालों में मुलायम सिंह जी ने या फिर किसी और सरकार ने आप लोगों के लिए कुछ किया? क्या आप लोगों को विकास के साथ जोड़ा? बच्चों को उच्च शिक्षा हासिल हुई?स्वास्थ्य सुविधाएं मिली? या फिर आप लोगो को रोजगार दिया?" सवालों की इस झड़ी में जवाबों में भी "नहीं" की झड़ी लग गयी। "लेकिन, कांग्रेस पार्टी ने यह तमाम सुविधाएं दी हैं", श्री गांधी ने आगे कहा।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि "मुलायम सिंह जी कहते हैं कि बुंदेलखंड को इजराइल में बदल देंगे, जब बुंदेलखंड में सूखा पड़ा था और लोग परेशान थे,तो उस वक्त वहां कोई नहीं गया और अब चुनाव है तो हैलिकॉप्टर से वहां गये, उतरे और कहा कि बुंदेलखंड को बदल देंगे।"

# UP Media Campaign Committee

(Uttar Pradesh Congress Committee)

श्री गांधी ने कहा कि ''मैं खुद बुंदेलखंड गया, वहां जाकर मैंने लोगों से बात की, उनके साथ खाना खाया, उनके कुंओं का पानी पीया, क्योंकि मैं खुद लोगों की परेशानी को समझना चाहता था। बुंदेलखंड के किसानों ने बताया कि प्रदेश में भाजपा, सपा और बसपा की सरकार रही, इन सभी पार्टियों के नेताओं ने सिर्फ वायदे ही किए, आम आदमी की मदद के लिए कुछ नहीं किया। हम उन्हें प्रधानमंत्री जी के पास ले गए और प्रधानमंत्री जी ने आठ हजार करोड़ रुपए की मदद की।''

श्री गांधी ने कहा कि ''यह काम केंद्र सरकार का नहीं था, उत्तर प्रदेश की सरकार का था, लेकिन फिर भी हमने उनकी मदद की। क्यों? क्योंकि हम आम आदमी की सरकार चलाते हैं, लोगों की इज्जत करते हैं, यह काम उत्तर प्रदेश के नेता नहीं करते।''

उन्होंने कहा कि ''हमारे पास बुनकर समुदाय के लोग आए और उन्होंने हमंे बताया कि बुनकरों के पास काम नहीं है, सिर पर बहुत कर्जा हो गया है और कोई मदद नहीं कर रहा। हम उन्हें भी प्रधानमंत्री जी के पास ले गए, वहां बुनकरों ने कहा कि हम हिंदुस्तान के रहने वाले हैं, काम करना चाहते हैं,लेकिन राज्य सरकार हमारा साथ नहीं दे रही। उनकी इस बात पर प्रधानमंत्री जी ने दो मिनट में ही कहा कि अगर राज्य सरकार आपका साथ नहीं दे रही तो न सही, लेकिन हम आपके साथ है और उनका कर्जा माफ किया। हजारों करोड़ो रुपए की मदद की, धागे पर छूट दिलाई, बुनकर क्रेडिट कार्ड दिलाया। इसके बाद बुनकरांे ने कहा कि केंद्र सरकार हमारी मदद कर रही है, लेकिन अगर यह पैसा राज्य सरकार के हाथ में जाएगा तो लोगों तक उनके हक का पैसा नहीं पहुंच पाएगा। इसलिए यह पैसा सीधा हमारे बैंक के खातो में ही जमा हो, तो अब उनकी मदद का पैसा सीधा उनके खातों में भेजा जा रहा है। लेकिन मायावती जी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का नाटक है।''

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि ''सरकार का काम जनता की मदद करने का होता है, चोरी करने का नहीं। हम आम आदमी की लड़ाई लड़ते हैं, जब भट्टा-पारसौल में किसानों पर अत्याचार हुआ तो उनकी लड़ाई कांग्रेस पार्टी ने लड़ी।''

श्री गांधी ने कहा कि ''कांग्रेस पार्टी आम आदमी के हक की बात करती है, तो विपक्ष के लोग सवाल करते हैं कि पैसा कहां से आएगा? पैसा आप लोगों की मेहनत से ही सरकार के पास आता है, आप लोग दूसरे राज्यो में जाकर काम करते हो और उन राज्यों को धीरे-धीरे विकास की ओर बढ़ाते हो, पैसा वहां से आता है। केंद्र सरकार आपके पैसे को ही आपके पास भेजने का काम करती है।''

उन्होंने कहा कि ''कांग्रेस की सरकार ने सच्चर आयोग बनाया और जब सच्चर आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग विकास में पिछड़ रहे हैं तो दिल्ली की सरकार ने हर जिले में उनके विकास के लिए

# UP Media Campaign Committee

(Uttar Pradesh Congress Committee)

पैसा भेजा। बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति के करोड़ों रुपये भेजे, जो उत्तर प्रदेश में जनता तक नहीं पहुंचा।''

श्री गांधी ने कहा कि ''प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी ने अल्पसंख्यकों को साढ़े चार फीसदी आरक्षण देने का काम किया तो मुलायम सिंह जी ने कहा कि कम दिया, मैं होता तो ज्यादा देता और जब पत्रकारों ने पहले उनसे इस बारे में सवाल किया था तो उस वक्त मुलायम सिंह जी ने कुछ नहीं कहा, पूरी तरह से सन्नाटा था। खुद तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उस वक्त भी उन्होंने यह काम नहीं किया और जब कांग्रेस पार्टी ने दिया तो कह दिया कि कम दिया, ज्यादा होना चाहिए था।''

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि ''मुलायम सिंह जी चुनाव के वक्त सिर्फ वायदे करते हैं कि बिजली मुफ्त देंगे, बुंदेलखंड को इजराइल में बदल देंगे,जरुरतमंदों को इलाज के लिए विदेश भेजेंगे। जबकि, उत्तर प्रदेश में अस्पतालों को सही ढंग से नहीं चलाया। मायावती जी कहती हैं कि आरक्षण के मामले पर उन्होंने प्रधानमंत्री जी को चिट्ठी लिखी थी।''

श्री गांधी ने कहा कि ''पोस्टकार्ड लिखने मात्र से ही सब कुछ नहीं हो जाता,अगर मायावती जी चाहतीं तो खुद भी यह काम कर सकती थीं। गैर-कांग्रेस सरकारों ने उत्तर प्रदेश को 22 साल तक चलाया, लेकिन किया कुछ भी नहीं,सिवाए वायदों के।''

उन्होंने कहा कि ''मैं यहां आप लोगों से वायदे करने नहीं आया हूं। हमारा मकसद उत्तर प्रदेश को बदलना है, उसको विकास में शामिल करना है। कांग्रेस पार्टी की सरकार लोगों के लिए जो भी कर सकती है, करती है। हम प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चलाते हैं, राष्ट्रीय राजमार्ग बनाते हैं। लोगों को मनरेगा, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार दिया और अब भोजन का अधिकार देने की बात कर रहे हैं। हम दूसरी पार्टियों की तरह ढेर सारे वायदे नहीं करते, हम लिस्ट बना कर काम करते हैं और योजनाओं को लागू करते हैं।''

इसके बाद श्री गांधी ने कहा कि ''उत्तर प्रदेश में राजनीतिक पार्टिया जाति और धर्म के नाम पर लोगों के साथ राजनीति करती हैं। उत्तर प्रदेश में लोगों को बेरोजगारी भत्ता देने की बात की जाती है, रोजगार नहीं मिलता, उच्च शिक्षा नहीं मिलती, स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलती।''

उन्होंने जनता से पूछा कि ''क्या किसी ने पिछले पांच सालों में मायावती जी या फिर मुलायम सिंह जी को किसी गांव में देखा है या किसी से बात करते हुए देखा है?'' इस पर जनता ने कहा ''नहीं''।

# UP Media Campaign Committee

(Uttar Pradesh Congress Committee)

श्री गांधी ने बिजनौर की एक जनसभा में मौजूद सिक्ख वर्ग के लोगों से कहा कि ‘‘आपने हमें मनमोहन सिंह जी जैसे प्रधानमंत्री को दिया वह भी एक बार नहीं दो बार, इसके लिये मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं।’’

श्री गांधी ने कहा कि ‘‘मैं आप लोगों के साथ खड़ा हो सकता हूं, आपका हाथ पकड़ सकता हूं, आपकी आवाज को विधानसभा और संसद में पुहंचा सकता हूं, लेकिन उत्तर प्रदेश में बदलाव लाने का काम आप लोगो को ही करना है। जब तक उत्तर प्रदेश के लोग जाति और धर्म की बातें छोड़कर एक साथ खड़े नहीं होंगे, उस वक्त तक प्रदेश में बदलाव नहीं आ सकता। उत्तर प्रदेश का विकास नहीं हो सकता, और उत्तर प्रदेश को विकास में शामिल किए बिना हिंदुस्तान आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिए अभी सही वक्त है, उठो, जागो और बदलो उत्तर प्रदेश को।’’

**राजबब्बर**

**अध्यक्ष**